तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

ओएनसी व सेंटर पाइंट में देर रात छलकाये जा रहे थे जाम, पुलिस ने मारा छापा

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
10 जुलाई 2026
कूपन नं. 7

## विद्युत कंपनी के 324 जर्जर मकानों को किया जाएगा धराशायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उत्पादन कंपनी के कोरबा पूर्व स्थित आवासीय कालोनी के 324 जर्जर मकानों को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया एक बार फिर 13 जुलाई से शुरु होने जा रही है। जर्जर मकानों को डिस्मेंटल करने के लिए टेंडर जारी किया गया था जिसके बाद अब महाराष्ट्र की मेसर्स के के घरत एण्ड कंपनी को डिस्मेंटल कार्य का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। साथ ही उक्त मकानों में रहने वाले बिजली कर्मियों सहित बाहरी लोगों को मकान खाली करने का नोटिस भी थमा दिया गया है। आने वाले दिनों में कालोनी के 324 मकानों को डिस्मेंटल कर दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के विद्युत संयंत्रों व अन्य विभागों में कार्यरत बिजली कर्मियों व उनके परिजनों के लिए लगभग 6 दशक पूर्व कोसाबाड़ी में आवासीय कालोनियों का निर्माण किया गया था। शुरुआत में कालोनी के मकानों में बिजली कर्मी व उनके परिजन निवास करते थे जिसके बाद आवश्यकता पड़ने पर अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी आवास का आबंटन

⏭ शेष पेज 3 पर

### डिस्मेंटल करने निजी कंपनी को वर्क आर्डर

**खास बातें**

- मकानों में निवारसत बिजली कर्मियों को मकानों को खाली करने दी गई हिदायत



### किया जाएगा डिस्मेंटल

कालोनी के जर्जर 324 मकानों को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया शुरु की जा रही है। महाराष्ट्र की के के घरट नामक कंपनी को डिस्मेंटल कार्य का वर्क ऑर्डर जारी हुआ है। जल्द ही पुलिस व प्रशासन के सहयोग से मकान खाली कराने व डिस्मेंटल की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

**-श्रीमती तिग्गा,**
डीई, सिविल सुधार संभाग क्रमांक 2

### जारी किया गया नोटिस

कालोनी के 324 जर्जर मकानों को डिस्मेंटल करने की तैयारी शुरु कर दी गई है। महाराष्ट्र के एक निजी कंपनी को डिस्मेंटल का कार्य दिया गया है। जर्जर मकानों में निवासरत लोगों को मकान खाली करने 2 बार नोटिस थमाया जा चुका है। आने वाले दिनों में जल्द ही पुलिस व प्रशासन के सहयोग से मकानों को खाली कराकर डिस्मेंटल का कार्य शुरु किया जाएगा।

**-श्रीमती हर्षा,** एई, सिविल सुधार संभाग क्रमांक 02

## खबर संक्षेप

### हसदेव एक्सप्रेस में एक एसी थ्री कोच की स्थायी सुविधा

**कोरबा।** कोरबा से रायपुर के बीच हसदेव एक्सप्रेस से यात्रा करने वाले यात्रियों को एक एसी थ्री कोच की सुविधा प्रदान की गई है। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में हसदेव एक्सप्रेस में 1 अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। सुविधा रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18251 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 12 जुलाई से तथा कोरबा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18252 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 13 जुलाई से उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18249 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 15 जुलाई से तथा कोरबा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18250 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 16 जुलाई से उपलब्ध रहेगी। रेलवे का कहना है कि इसकी उपलब्धता से यात्रियों को सुगम व आरामदायक यात्रा सुविधा प्राप्त होगी।

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**कोरबा।** संचालनालय कृषि रायपुर द्वारा वर्ष 2026 के लिए डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी प्रस्तुत करेंगे। कृषकों से आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। पुरस्कार की राशि 2 लाख व प्रशस्ति पत्र है। कृषि विभाग के उप संचालक कृषि ने बताया कि इस प्रतिस्पर्धा में केवल ऐसे कृषक ही सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे जो विगत दस वर्षों से कृषि का कार्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कर रहे हो, छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी हो, कुल वार्षिक आमदनी में से न्यूनतम 75 प्रतिशत आय कृषि से हो व तकाबी, सिंचाई शुल्क, सहकारी बैंकों का कालातीत ऋण न हो।

### विशेष लोक अदालत के लिए 31 तक करें आवेदन

**कोरबा।** न्याय को सरल, सुलभ एवं आपसी सहमति के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त को आयोजित होने वाली स्पेशल लोक अदालत के साथ होगा। स्पेशल लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह के आधार पर निराकरण किया जाएगा। इसके पूर्व राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण/समिति के मध्यस्थता केन्द्रों में सुलह बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इस बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पक्षकारों की सहायता करेंगे पक्षकार सुलह वार्ताओं में प्रत्यक्ष अथवा ऑनलाईन माध्यम से शामिल हो सकते है। अभियान में अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं संबंधित पक्षों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गयी है।

### उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुदुरमाल भाटापारा के समीप हुई घटना

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने 9 गौवंशों को रौंदा, 6 की मौत, 3 गंभीर, दो ट्रेलर चालकों की जमकर पिटाई, हंगामा


मृत मवेशियों को जेसीबी से ट्रैक्टर में लोड करते व मौके पर ग्रामीणों की भीड़ व पुलिस।


दुर्घटनाकारित ट्रैलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए गुरुवार की सुबह सड़क पर बैठे 9 मवेशियों को रौंद दिया। जिससे 6 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के होते ही ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर चालक सहित एक अन्य चालक की जमकर पिटाई कर दी। हंगामे की सूचना पाते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले को किसी तरह शांत कराया। दोनों ट्रेलर चालकों को स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

**खास बात**

- दोनों ट्रेलर चालकों को अस्पताल में कराया गया है भर्ती

मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 ईई 8362 का चालक उरगा से कोयला लोड कर ग्राम पंचायत कुदुरमाल के भाटापारा की ओर जा रहा था। सुबह लगभग 6 बजे वह भाटापारा के समीप पहुंचा था कि चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क पर बैठे गौवंशों को कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में 9 गायें वाहन की चपेट में आ गईं, जिनमें से 6 गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 गायें गंभीर रूप से घायल हैं और उनका उपचार कराया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में भारी संख्या में ग्रामीण और गौ-सेवक मौके पर पहुंच गए। और दुर्घटना को अंजाम देने वाले झारखंड छतरपुर निवासी उपेन्द्र यादव पिता बीकू यादव व एक अन्य ट्रेलर चालक मुकेश यादव पिता शिवनाथ राम यादव की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। मुख्य मार्ग में हंगामे की सूचना पाते ही उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल दलबल सहित मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश दी और तब जाकर मामला शांत हुआ। मारपीट की घटना में घायल उपेन्द्र व मुकेश को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मुख्य मार्ग में मृत गौवंश को तत्काल मौके से हटाकर रास्ता को क्लीयर किया गया। वहीं इस मामले को लेकर गुरुवार की शाम तक दोनों ही पक्षों ने मामले की लिखित शिकायत नहीं दी है। पुलिस का कहना है कि शिकायत सामने आते ही दोनों पक्षों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध करेगी।

### बारिश आते ही सड़कों पर मवेशियों का रहता है जमावड़ा

बारिश शुरू होते ही मवेशी घरों से निकलकर गांव, गली और मुख्य सड़कों पर डेरा जमा लेते हैं। देर शाम होते ही मवेशियों का अड्डा सड़कों पर ही होता है और रात के समय सड़क पर चलने वाले चालकों को मवेशी नजर नहीं आते और अक्सर सड़क हादसे के शिकार होते हैं। खासकर तौर पर जब वाहन की रफ्तार तेज हो तो अचानक मवेशी आ जाने पर भी जान पर बन आती है इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में बसने वालों को अपने मवेशियों को खुले में छोड़ने के बजाय अपने घरों के कोठार में बांध कर उन्हें सुरक्षित रखना चाहिए। पूर्व कटघोरा अंबिकापुर मार्ग में इस तरह के कई हादसे हो चुके हैं।

## उरगा में अवैध उर्वरक भंडारण पर कृषि विभाग की कार्रवाई, 100 बोरी यूरिया जब्त


कार्रवाई करती कृषि विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम उरगा में अवैध रूप से उर्वरक भंडारण किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर कृषि विभाग की टीम द्वारा तत्काल निरीक्षण एवं जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सिलियरी भाटा, उरगा स्थित एक गोदाम में 100 बोरी (लगभग 4.5 टन) आईपीएल यूरिया का भंडारण पाया गया।

**खास बात**

- वैधानिक कार्रवाई होने तक लिया गया सुपुर्दगी में

जांच के दौरान संबंधित खाद विक्रेता से उर्वरक क्रय-विक्रय से संबंधित बिल एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु वह कोई वैध बिल प्रस्तुत नहीं कर सका। साथ ही, उक्त उर्वरक का भंडारण किस उद्देश्य से किया गया था, इसका भी संतोषजनक एवं स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। जांच में यह पाया गया कि श्याम खाद भंडार, उरगा द्वारा अघोषित गोदाम में 100 बोरी आईपीएल यूरिया का अवैध भंडारण किया गया था। इस पर कृषि विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उर्वरक का नमूना परीक्षण हेतु लिया गया तथा संपूर्ण 100 बोरी यूरिया को जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए उर्वरक को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई पूर्ण होने तक महावीर अग्रवाल की सुपुर्दगी में सौंपा गया है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि उर्वरकों के अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा इस प्रकार के मामलों में नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## आशा कर्मचारी व मितानिनों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


ज्ञापन सौंपती मितानिन व अन्य।

भारतीय मजदूर संघ से संबंध अखिल भारतीय आशा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 9 जुलाई को देशभर के समस्त जिला मुख्यालय में आशा वर्करों एवं मितानिनों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम से जिला मुख्यालय में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

आशा वर्करों का कहना है कि पिछले साल अक्टूबर 2025 को पूरे देश भर में ज्ञापन सौंपा गया था और केंद्र सरकार से विभिन्न मांगों एवं समस्याओं का समाधान की अपेक्षा की गई थी लेकिन केंद्र सरकार, न ही प्रदेश सरकार के द्वारा उनके समस्याओं मांगों का निराकरण नहीं किया गया। अपनी मांगों एवं समस्याओं पर सकारात्मक परिणाम नहीं मिलने के कारण विगत 29 एवं 30 जून को पुणे (महाराष्ट्र) में अखिल भारतीय कार्य समिति बैठक

## नाबालिग बच्चे फर्राटे मारकर पहुंच रहे थे स्कूल, 8 के खिलाफ हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




स्कूल में पढ़ने वाले नाबालिक बच्चे अक्सर मोटरसाइकिल से फर्राटे भरते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं। यातायात पुलिस की लगातार समझाइश देने के बाद भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी कड़ी में यातायात पुलिस ने गुरुवार को विभिन्न स्कूलों के बाहर पहुंचकर स्कूटी या फिर अन्य वाहनों में फर्राटे भरने वाले 8 नाबालिक बच्चों के खिलाफ कार्यवाही की है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस लगातार सड़क हादसों को रोकने की दिशा में प्रयास कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटेल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस स्कूल नाबालिक बच्चों को बाइक में या फिर स्कूटी में स्कूल ना आने की हिदायत दी गई थी। लेकिन इसके बाद भी ज्यादातर शहर के स्कूलों में पढ़ने वाले नाबालिक बच्चे मोटरसाइकिल में ही स्कूल पहुंच रहे हैं। नाबालिक बच्चे हादसे के शिकार ना हो इसके लिए गुरुवार को यातायात डीएसपी डीके सिंह, एएसआई मनोज राठौर सहित अन्य पुलिस की टीम शहर विभिन्न स्कूलों में पहुंची और बाहर में कार्यवाही करती नजर आई। जहां नाबालिक बच्चे स्कूटी में या फिर अन्य मोटर

⏭ शेष पेज 3 पर

### क्षेत्रीय स्तर पर आंदोलन की तैयारियां तेज

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बिजली कर्मियों का संयुक्त मोर्चा सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी।

वर्ष 2004 के बाद नियुक्त विद्युत कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग अब निर्णायक चरण की ओर बढ़ रही है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के 12 कर्मचारी एवं अधिकारी संगठनों ने एकजुट होकर विद्युत अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली अधिकार मंच का गठन किया है, जिसके माध्यम से प्रदेशभर में संगठित एवं व्यापक जनआंदोलन की रणनीति पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

प्रांतीय स्तर पर लगातार बन रही रणनीतियों को अब क्षेत्रीय स्तर पर भी प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को डीएसपीएम संयंत्र में क्षेत्रीय मंच की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी आंदोलन की दिशा और कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्रीय स्तर पर व्यापक जन-जागरण एवं व्यक्तिगत जन-संपर्क अभियान चलाने की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि पुरानी पेंशन बहाली के महत्व एवं कर्मचारियों के भविष्य पर इसके प्रभाव को प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी तक पहुंचाने के लिए संगठित रूप से जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक कर्मचारियों को इस आंदोलन से जोड़ा जा सके। बैठक में अभियंता संघ, डॉक्टर्स एसोसिएशन, पत्रोत्पाधि संघ, फेडरेशन-01, जनता यूनियन, बी.एम.एस. तथा इंटक-56 सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एकजुटता का परिचय दिया तथा पुरानी पेंशन बहाली के लिए सामूहिक संघर्ष को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से विभिन्न संगठनों से पुष्पराज पटेल, राकेश चंद्रा, डॉ. जे.पी सोनी, डॉ. अभिषेक रामटेके, आलोक शर्मा, ओमप्रकाश साहू, सरोज राठौर, संतोष सिंह, घनश्याम साहू, संदीप हलवाई, संदीप राठौर, प्रमोद राठौर, संजय दिव्य, अनिल श्रीवास, छगन ठाकुर, मनीष राठौर, के. के. विशाल, सागर देवांगन, देव निर्मलकर, भानु प्रताप बंजारे, टेक लाल पटेल एवं शंकर लाल उपस्थित रहे। बैठक का समापन इस दृढ़ संकल्प के साथ हुआ कि प्रदेश के सभी 2004 के बाद नियुक्त बिजली कर्मियों को पुरानी पेंशन का अधिकार दिलाने के लिए चरणबद्ध, व्यापक एवं लोकतांत्रिक आंदोलन चलाया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और अधिक व्यापक स्वरूप दिया जाएगा।

### सेवा प्रदाताओं की भर्ती हेतु आवेदन 23 तक

**कोरबा।** सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन हेतु सेवा प्रदाताओं की भर्ती हेतु 23 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिस पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है उनमें साईको-सोशल कांउसलर- 1 पद, पैरालीगल कार्मिक/वकील- 1 पद, पैरा मेडिकल कार्मिक- 1 पद, कार्यालय सहायक-1 पद, सुरक्षा गार्ड/नाईट गार्ड- 3 पद शामिल हैं। उक्त पदों हेतु आवेदन 23 जुलाई तक स्पीड पोस्ट व रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कोरबा में प्रस्तुत किया जा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कोरबा ने बताया कि उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्याता, अनुभव, कार्य दायित्व एवं अन्य विवरण जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े युवक का बैग लेकर भागे नकाबपोश

**बिलासपुर।** दिनदहाड़े नकाबपोश दो युवकों ने झपट्टा मारकर एक युवक से बैग लूटकर भाग गए। बैग में रेलवे टिकट कलेक्शन की राशि 7 हजार 430 रुपए व दस्तावेज रखे हुए थे। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोटा पुलिस के अनुसार, श्रीपारा निवासी भिखारी सिंह ध्रुव सीएमएस कंपनी बिलासपुर के तहत रेलवे टिकट कलेक्शन का कार्य करते हैं। 8 जुलाई को वे बेलगहना रेलवे स्टेशन से टिकट बिक्री की कलेक्शन 7 हजार 430 रुपए, टीआर पर्ची व कलेक्शन दस्तावेज बैग में रखकर बाइक से करगीरोड कोटा स्टेशन जा रहे थे। दोपहर 12 बजे बरर मोड़ से आगे सल्का डेम के पास मुख्यमार्ग में दो नकाबपोश खड़े थे। जैसे ही श्री ध्रुव उनके करीब पहुंचे एक युवक ने झपट्टा मारकर बैग लूट लिया, जिससे वे बाइक सहित गिर गए। उसके बाद उक्त युवक अपने साथी के साथ बिना नम्बर की पल्सर में बैठकर सल्का की ओर भाग गए। बेलगहना चौकी पुलिस ने श्री ध्रुव की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मोबाइल हैक कर चार लाख 20 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** मोबाइल हैक कर एक युवक से 4 लाख 20 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि कुदूदण्ड निवासी दीप कुर्रे प्राइवेट जॉब करता है। उनके मोबाइल को हैककर उनके बॉस के नाम का मैसेज भेजकर अलग अलग किश्तों में 4 लाख 20 हजार रुपए आनलाइन ट्रांसफर करा लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

### महिला से 89 हजार की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिना गोपनीय जानकारी दिए महिला से 89 हजार 600 रुपए की आनलाइन ठगी करने के मामले में पुलिस ने एमपी से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि खपरगंज निवासी तस्नीम शब्बीर कमाल पति शब्बीर हुसैन कमाल ने रिपोर्ट लिखाई। 28 जून को उनकी सहेली विना मुलचंदानी फोन कर बोली 10 हजार की आवश्यकता है। गुगल पे के माध्यम से भेजने को कहीं। उन्होंने 10 हजार सहेली को फोन पे की तो पैसा नहीं जा रहा था। 29 जून को वे बैंक में जानकरी ली तो पता चला 12 जून को दोपहर 3.52 बजे यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खाते से 89 हजार 600 रुपए ट्रांसफर कर लिया गया था। कोतवाली पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी बैंक खाताधारक मध्य प्रदेश श्योरपुरी सिद्धपुरा निवासी गोलू उर्फ गोल्डी रावत को गिरफ्तार कर लिया है।

### चरित्रशंका पर पत्नी की हत्या, पति को उम्रकैद

**बिलासपुर।** जिला न्यायालय ने चरित्रशंका पर पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाले पति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। रतनपुर क्षेत्र के ग्राम कर्रा निवासी घासीराम उर्फ खोरबहरा यादव 75 साल अपनी पत्नी पुनीता यादव के चरित्र पर शंका करता था। इसी बात को लेकर उसने 25 - 26 सितंबर की रात को अपनी पत्नी पुनीता यादव की गला दबाकर हत्या कर दी। 26 सितंबर की सुबह दरवाजा नहीं खोलने पर उनका बेटा कृष्णा यादव ने गांव के कोटवार को घटना की जानकारी। कोटवार उसके घर आया तो घासीराम ने पुलिस को बुलाने की बात कहते दरवाजा खोलने से इनकार कर दिया। कोटवार एवं अन्य लोगों ने खिड़की से झांकर अंदर देखे तो पुनीता बाई का शव सोफा में रखा था। पुलिस मौके पर आकर दरवाजा खोलवा कर घासीराम यादव से पूछताछ की तो उसने बताया उसने अपनी पत्नी को गांव के लोगों से बात करने से मना करने के बाद भी नहीं मानने पर गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। पंचम अपर सत्र न्यायाधीश छाया सिंह ने आरोप सिद्ध होने पर आरोपी पति घासीराम यादव को उम्रकैद व 100 रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई है।

**प्रस्ताव तैयार** वन्यप्राणियों के रखरखाव, उपचार के अतिरिक्त सबसे अधिक खर्च आहार में होता है

# कानन पेण्डारी जू के 40 चीतल बढ़ाएंगे भोरमदेव जू की शोभा

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र में आवश्यकता से अधिक शाकाहारी वन्यप्राणियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिसमें चीतल की संख्या काफी अधिक है। इन चीतलों में से 40 से 50 की संख्या में चीतल भोरमदेव जू को दिए जाएंगे, जिसके लिए प्रस्ताव बनाकर तैयार कर दिया गया है।

बिलासपुर के कानन पेण्डारी मीडियम जू का संचालन इन दिनों अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर टाइगर रिजर्व कर रही है। जू में मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग केज की व्यवस्था प्रबंधन ने की हुई है, जिसमें लायन, तेंदुआ, हाइना, टाइगर, भालू के अलावा सर्प, मछली, काकड़, हिरण, सांबर, चिंकारा, चौसिंगा, नीलगाय, गोरला, लोमड़ी, जंगली सुअर, बायसन, दरियाई घोड़ा, रोज पेलिकन, ईमू सहित अन्य पक्षी शामिल हैं। किसी भी चिड़ियाघर में कौन सी प्रजाति के वन्यप्राणियों की संख्या कितनी होनी चाहिए, इसका निर्धारण केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण करता है, जिसका पालन जू प्रबंधन को करना होता है। कानन पेण्डारी जू में कई वन्यप्राणी सरप्लस हैं। जू के अलग-अलग केज में रखे गए वन्यप्राणियों के रखरखाव, उपचार के अतिरिक्त सबसे अधिक खर्च आहार में प्रबंधन को होता है। वन्यप्राणियों को आहार देने के लिए प्रति तीन वर्ष में ठेका किया जाता है, जिसमें शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग ठेके होते हैं। कानन पेण्डारी जू में मांसाहारी वन्यप्राणियों में मुख्य रूप से लायन, टाइगर, तेंदुआ, हाइना, भालू शामिल हैं, जो प्रतिमाह 19 लाख रुपए से अधिक का मटन हजम कर लेते हैं। वहीं शाकाहारी वन्यप्राणियों के आहार सब्जी, घास, दूध व अन्य सामान में केवल 8 से 9 लाख रुपए का खर्च कानन प्रबंधन को हो रहा है। कानन पेण्डारी जू में आवश्यकता से अधिक शाकाहारी वन्यप्राणियों में चीतल की संख्या 80 से अधिक हो चुकी है। इसके लिए भोरमदेव जू से संपर्क किया गया था, जो कानन जू के चीतलों को लेने के लिए तैयार हो गया है। इसके अलावा अन्य बढ़े हुए वन्यप्राणियों की संख्या को कम करने के लिए कानन प्रबंधन सभी जूं से लेने के लिए संपर्क कर रहा है।



**केज छोटा आहार में खर्च लाखों :** प्रबंधन के अनुसार मांसाहारी वन्यप्राणियों को छोड़कर शाकाहारी वन्यप्राणियों को दिए जाने वाले आहार में सब्जियां, घास, चना, जौफल, दूध सहित अन्य खाने-पीने के सामान होते हैं। मांसाहारी वन्यप्राणी में जहां 19 लाख रुपए और शाकाहारी वन्यप्राणियों के आहार में प्रतिमाह साढ़े 8 से 9 लाख रुपए की राशि खर्च की जाती है। इसके साथ वन्यप्राणियों की संख्या और केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के अनुसार केज को बनाए गए हैं, लेकिन संख्या अधिक होने के कारण काफी परेशानी भी उठानी पड़ रही है।

### चीतलों को छोड़ा जाएगा भोरमदेव

सीजेडए के नियमानुसार एक जू से दूसरे जू में वन्यप्राणियों के अदला-बदली की परंपरा के तहत कानन पेण्डारी जू में चीतलों की बढ़ी संख्या को कम करने भोरमदेव जू से संपर्क किया गया था। इसमें भोरमदेव जू प्रबंधन चीतलों को लेने तैयार हो गई है, जिसमें 40 से 50 की संख्या में चीतलों को वहां छोड़ा जाएगा।

**-राजेन्द्र सोरी**, अधीक्षक, कानन पेण्डारी जू

---

पुराना बस स्टैंड परिसर स्थित मल्टीलेवल कार पार्किंग में लिफ्ट का काम बाकी

# तीन साल में कई बार एक्सटेंशन के बाद भी पूरा नहीं हुआ मल्टीलेवल पार्किंग का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत शहर में अपनी तरह का पहला आटोमेटेड शटल टाइप मल्टीलेवल पार्किंग का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है, जबकि कोलकाता के सिम पार्क नामक ठेका कंपनी को पिछले तीन साल में कई बार एक्सटेंशन दिया जा चुका है। पुराना बस स्टैंड परिसर में बन रही इस पार्किंग में अभी भी लिफ्ट लगाने का कार्य बाकी है।

■ स्मार्ट सिटी अंतर्गत हो रहा निर्माण

स्मार्ट सिटी अंतर्गत शहर में दो मल्टीलेवल कार पार्किंग बन चुकी हैं। एक पार्किंग कलेक्टोरेट के पास और दूसरी सिटी कोतवाली परिसर में बनाई गई है। वहीं तीसरी मल्टीलेवल कार पार्किंग का काम पुराना बस स्टैंड परिसर में चल रहा है, यह अपने तरह की शहर की पहली आटोमेटेड शटल टाइप मल्टीलेवल कार पार्किंग हैं, जिसमें लिफ्ट के जरिए कारें पार्क की जाएंगी, लेकिन

स्मार्ट सिटी की ओर से संबंधित ठेका कंपनी कई बार एक्सटेंशन दिए जाने के बाद भी काम पूरा नहीं हुआ है। हालांकि निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है, इसका काम समयावधि में पूरा नहीं हो पाया था, इसलिए कोलकाता की ठेका कंपनी सिम पार्क पर टेंडर राशि के पांच प्रतिशत राशि स्मार्ट सिटी द्वारा पेनाल्टी भी लगाई जा चुकी है। पुराना बस स्टैंड परिसर निर्माण स्थल पर फेब्रिकेशन स्टील स्ट्रक्चर सहित सिविल का काम हो गया है और अब लिफ्ट, शटल मशीन लगाने का काम बाकी है।



### निर्माण लागत 12 करोड़ 60 लाख राशि

यह मल्टीलेवल कार पार्किंग पूरी तरह से स्वचालित आटोमेटेड शटल टाइप कार पार्किंग होगी, जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर ले जाकर कार खड़े करते ही आटोमेटिक सिस्टम से कार ऊपरी मंजिल तक पहुंच जाएगी। स्मार्ट सिटी से कुल 12 करोड़ 60 लाख राशि की लागत से इसका निर्माण कराया जा रहा है। इसका ठेका करीब तीन साल पहले हुआ था और कोलकाता के सिम पार्क नामक कंपनी को इसका ठेका मिला है। टेंडर के नियम, शर्तों के अनुसार करीब 12 माह में मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाकर देना था, किन्तु टेंडर अवधि समाप्त होने के बाद कई बार ठेका कंपनी को एक्सटेंशन दिया गया था।

### 80 कार व बाइक पार्किंग की व्यवस्था

पुराना बस स्टैंड परिसर में करीब साढ़े दस हजार स्क्वेयर फीट एरिया में शटल टाइप मल्टीलेवल कार पार्किंग बन रहा है। यह चार मंजिला कार पार्किंग है, जिसमें ग्राउंड फ्लोर में बाइक पार्क किया जाएगा और पार्किंग में 80 कारों को पार्क करने की व्यवस्था रहेगी। यह आटोमेटिक पार्किंग होगी, जिसमें ग्राउंड फ्लोर में कार खड़ा करते ही लिफ्ट के माध्यम से कार फर्स्ट, सेकंड व थर्ड फ्लोर में जाकर पार्क हो जाएगा।

### ठेका कंपनी करेगी पांच वर्ष तक संचालन

ठेका के नियम, शर्तों के अनुसार आटोमेटेड शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण पूरा होने के बाद मल्टीलेवल पार्किंग का संचालन पांच साल तक ठेका कंपनी द्वारा किया जाएगा। पुराना बस स्टैंड एरिया में ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है और पूरे दिन वाहनों की भागदौड़ यहां की सड़कों में रहती है। पुराने बस स्टैंड के आसपास पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होने से लोग अपने कार आदि वाहनों को सड़क पर ही खड़े करते हैं, जिससे सड़क पर ट्रैफिक की समस्या पैदा होती है। मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग के बन जाने से इस एरिया में कार पार्किंग की समस्या दूर हो जाएगी।

### जल्द पूरा होगा काम

स्मार्ट सिटी अंतर्गत पुराना बस स्टैंड परिसर में मल्टीलेवल कार पार्किंग का काम अंतिम चरण में है। स्टील स्ट्रक्चर समेत सिविल वर्क पूरा हो गया है और लिफ्ट, मशीन लगाने का कार्य बचा है जो जल्दी ही पूर्ण हो जाएगा।

**-एसपी साहू**
प्रबंधक, स्मार्ट सिटी




गुरुवार को हरिभूमि कार्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का निकाला गया ड्रा।

# हरिभूमि की प्रतियोगिताः ज्ञान विश्वास व सहभागिता का संगम

## रजनी, कामनी, काव्या और पूजा ने जीते सामान्य ज्ञान स्पर्धा के पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गौरव पथ स्थित हरिभूमि कार्यालय में गुरुवार को शहर के विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का ड्रा निकाला गया। अतिथियों ने ड्रा के माध्यम से प्रथम, द्वितीय, तृतीय, विशेष पुरस्कार व सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की और कहा कि यह नॉलेज बढ़ाने वाला उपयोगी आयोजन है।

■ महिला दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता का निकाला गया ड्रा

कार्यक्रम के आरंभ में हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी और बताया कि हरिभूमि के हर आयोजन को पाठकों का अच्छा रिस्पांस मिलता है और अधिक से अधिक लोग उत्साह से भाग लेते हैं। इसमें विश्व महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी शामिल है। इस आयोजन में महिलाओं, युवतियों की बढ़-चढ़ कर भागीदारी रही। कुछ ऐसे पाठक हैं जिनके पूरे परिवार की सहभागिता रहती है। यह इस प्रतियोगिता की लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि हरिभूमि एक परिवार की तरह है। जिसमें सभी को जोड़कर चलने का प्रयास संस्था का रहता है। इसके बाद कार्यक्रम के अतिथियों ने एक-एक कर ड्रा निकाले एवं विजेताओं की घोषणा की।

### महिला सशक्तिकरण को मिल रहा बढ़ावा : गौरव

सत्या ऑटोमोबाइल के संचालक गौरव खेड़िया ने कहा कि हरिभूमि के इस आयोजन से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है। हर साल बड़ी संख्या में इंट्री आ रही है। इससे पता चल रहा है कि इस प्रतियोगिता की लोकप्रियता कितनी है। उन्होंने इस आयोजन के लिए हरिभूमि परिवार व विजेताओं को अपनी शुभकामनाएं दी।

### प्रतियोगी परीक्षा में उपयोगीः अनुराग

पीएनबी के मंडल प्रमुख अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता का नियमित रूप से सफल आयोजन बहुत बड़ी बात होती है। हरिभूमि इस प्रतियोगिता को वर्षो से आयोजित कर रहा है। यह बड़ी खुशी की बात है। इससे पाठकों की अखबार पढ़ने की आदत बनती है। प्रतियोगी परीक्षा में इस स्पर्धा का नॉलेज उपयोगी साबित हो सकती है।




### ये रहे विजेता

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार रजनी कौशिक नगोई तखतपुर वाशिंग मशीन, द्वितीय पुरस्कार कामनी पटेल मुंगेली इंडक्शन, तृतीय पुरस्कार काव्या कौशिक सकरी बिलासपुर मिक्सर ग्राइंडर, चतुर्थ पुरस्कार पूजा सिंहा तिफरा इलेक्ट्रिक आयरन, विशेष पुरस्कार दिव्यांशी थवाईत तखतपुर, अदिति खरे पामगढ़, अपूर्वा कौशिक आसमां सिटी, रेखा वर्मा तिफरा, युविका कश्यप बंगाली पारा को मिला है। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषि, अंजना शर्मा,डेजी नाथ, रेखा साहू सहित हरिभूमि परिवार के सदस्यों की उपस्थित थे।

### अखबार पढ़ने बढ़ती है उत्सुकता : रूपाली

एलसीआईटी ग्रुप की एचआर रूपाली शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन से डिजिटल जमाने में भी न्यूज पेपर की वैल्यू बढ़ जाती है। अखबार के नियमित अध्ययन से ही लोग इस तरह की प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। हरिभूमि की यह स्पर्धा प्रतिभागियों का ज्ञान व उत्सुकता बढ़ाने वाली है।

### इंट्री का निरंतर बढ़ना उपलब्धिः संदीप

एरिना मल्टीमीडिया के संचालक संदीप गुप्ता ने कहा कि हरिभूमि के इस आयोजन में हमेशा एरिना सहभागी रहा है। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में हर साल इंट्री का निरंतर बढ़ना हरिभूमि के इस आयोजन की एक उपलब्धि है। वहीं ज्यादातर बच्चे अपनी रूचि व पसंद की स्पर्धा में भाग लेते हैं, पर इस स्पर्धा में एक ही परिवार के कई लोग भाग ले रहे हैं।

### प्रतिभागियों का बढ़ता है ज्ञानः शिखा

शिखा संदीप गुप्ता ने कहा कि अक्सर महिला दिवस पर मेहंदी, कुकिंग, रंगोली जैसी प्रतियोगिता कराई जाती हैं, पर हरिभूमि इससे हटकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराता है। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। इससे प्रतिभागी महिलाओं, युवतियों का ज्ञान बढ़ता है। विजेताओं की घोषणा में पारदर्शिता बहुत अच्छी बात है।

### यह महत्वपूर्ण कदमः डॉ.अर्चना

एलसीआईटी की प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला ने कहा कि हरिभूमि का यह आयोजन महिलाओं का सम्मान बढ़ाने वाला है। ऐसी प्रतियोगिता से चेतना जागृत होती है। जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। इससे प्राप्त नॉलेज बच्चों के लिए प्रेरणा बन सकता है। यह आयोजन हरिभूमि का एक महत्वपूर्ण कदम है।

# व्यापारियों से अब वर्ग फीट के हिसाब से लिया जाएगा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम सीमा में अब व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क वर्ग फीट के हिसाब से लगेगा। शासन से आदेश आने के बाद नगर निगम ने भी छत्तीसगढ़ नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम नगर निगम क्षेत्र में लागू कर दिया है।

नगर निगम द्वारा इस संबंध में सभी जोन कमिश्नरों को निर्देश जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम की धाराओं द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार द्वारा नगर पालिका क्षेत्र की सीमाओं के भीतर कोई व्यापार करने के लिए नगर निगम अनुज्ञप्ति पत्र जारी करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में पिछले दिनों नगर निगम के एमआईसी में प्रस्ताव भी लाया गया था जो पास हो चुका है और अब यह नियम निगम क्षेत्र में प्रभावशील होगा। इसमें सड़क की चौड़ाई पर आधारित न्यूनतम वार्षिक व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क 7.5 मीटर से 15 मीटर तक, 15 मीटर से अधिक, मोहल्ला, कालोनी में और छोटे व मध्यम आकार के बाजारों में तथा वृहद बाजारों में अलग-अलग शुल्क लगेगा।

■ नगर निगम सीमा में प्रभावशील होगा नियम

गुमटी, कच्ची दुकानों के लिए न्यूनतम वार्षिक व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क व्यापार परिसर का प्रकार, गुमटी, कच्ची दुकान तथा वाहनों के माध्यम से किए जाने वाले व्यापार के लिए न्यूनतम व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क लगेगा। इसमें वाहन के प्रकार मोटरयान मिनी, ट्रक, पिकअप, वेन, जीप, आटो रिक्शा, तिपहिया वाहन आदि का अलग-अलग अनुज्ञप्ति शुल्क निर्धारित किया गया है।

### ठेकेदार ने दांत से मिस्त्री का कान काटा

**बिलासपुर।** शराब के नशे में काम करने को लेकर ठेकेदार व राजमिस्त्री के बीच विवाद हो गया। मिस्त्री ने दांत से ठेकेदार के हाथ को काटा तो ठेकेदार ने दांत से काटकर उसका कान अलग कर दिया। पीड़ित कटा कान हाथ में रखकर थाने पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे ने बताया, ग्राम सेंवार निवासी जागेश्वर साहू पिता मनीराम साहू राजमिस्त्री का काम करता है। 7 जुलाई को शाम 7 बजे वह नशे में सूरज किराना दुकान के पास बैठा था। इसी दौरान नशे में ठेकेदार संतोष साहू आया और उसे कहा मिस्त्री का काम कम करते हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा, जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। जागेश्वर साहू ने दांत से ठेकेदार साहू के हाथ को काटने लगा। इस पर संतोष साहू ने उसके दाहिने कान को दांत से काटकर अलग कर दिया।

## पति ने मोबाइल खरीद कर नहीं दिया तो नवविवाहिता ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** चलगली थाना अंतर्गत ग्राम इन्जानी निवासी आकृति पटेल पति सुनील पटेल (19 वर्ष) 7 जुलाई का मोबाइल खरीदने की बात पर हुए विवाद के बाद आकृति ने कीटनाशक पी लिया। परिजन नवविवाहिता को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने नवविवाहिता की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन नवविवाहिता को शहर के मिशन अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पति सुनील ने पुलिस को बताया कि 7 जुलाई की सुबह सास का फोन आया तो पत्नी को बात करने कहा तो वह बात नहीं की और नए मोबाइल खरीद कर देने की बात कही। पैसा नहीं होने पर कुछ दिन बाद खरीदने कहा। संभवतः उसकी बात को लेकर कीटनाशक पी लिया। इधर मृतिका की माता सुषमा पटेल व पिता श्रवण पटेल ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि बेटी आकृति का विवाह 20 अप्रैल को इन्जानी निवासी सुनील से प्रेम संबंध होने के कारण सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ। शादी के बाद से पति सुनील किसी दूसरे लड़की से बात करता था और बेटी आकृति का मोबाइल भी अपने पास रख लिया था। साथ ही बेटी को जान से मारने की धमकी देने के साथ प्रताडित करता था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

■ मृतिका के परिजन ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

## जेल से छूटने की पार्टी मनाने के बाद ग्रामीण बैंक में की सेंधमारी

**बिलासपुर।** सीसीटीवी फुटेज से बेलतरा ग्रामीण बैंक में सेंधमारी कर चोरी करने वाले 5 आदतन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक आरोपी के जमानत में जेल से बाहर निकलने की पार्टी मनाने के बाद वारदात को अंजाम दिया गया था।

■ 5 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

4 - 5 जुलाई 2026 की रात रतनपुर बेलतरा स्थित ग्रामीण बैंक में सेंध मारकर लॉकर तोड़ने की कोशिश की गई, सफल नहीं होने पर चोरों ने एटीएम को तोड़ने का प्रयास किया गया था। मशीन नहीं टूटने पर चोर कुछ सामान चोरी कर भाग गए थे। पुलिस ने डीवीआर की जांच की तो कुछ लोगों का फुटेज मिला। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरा खंगाला तो नेवसा निवासी सुमेश कश्यप उर्फ सोनू की पहचान हो गई। पुलिस ने सुमेश कश्यप को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अन्य चार साथियों के साथ मिलकर बैंक में सेंधमारी कर चोरी करने का प्रयास करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके चार साथियों को गिरफ्तार कर चोरी गई स्टेबलाईजर, राउटर व वारदात में प्रयुक्त दो बाइक, गैंती, टंगिया जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है पकड़े गए सभी आरोपी आदतन बदमाश है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपी सुमेश ने की थी रैकी

टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, आरोपी नवीन कुमार बैसवाड़े एनटीपीएस एक्ट के मामले में जेल गया था। एक सप्ताह पहले वह जमानत पर रिहा हुआ था। घटना के दिन वह अपने अन्य चारों साथियों के साथ जेल से छूटने की पार्टी मना रहे थे। इसी दौरान आरोपी सुमेश कश्यप ने उन्हें बताया कि उसने ग्रामीण बैंक की रैकी की है, बैंक के लॉकर में मोटी रकम है और दो दिन बैंक बंद रहेगा। उसके बाद पांचों ने बैंक में सेंधमारी की वारदात को अंजाम दिया।

### पकड़े गए आरोपी

- सुमेश कश्यप उर्फ सोनू पिता संतोष कश्यप 29 साल नेवसा रतनपुर
- सूरज कुमार विश्वकर्मा पिता रामाधार विश्वकर्मा 26 साल गिधौरी रतनपुर
- नवीन कुमार बैसवाड़े पिता कमलेश बैसवाड़े 28 साल नेवसा रतनपुर
- खिकराम खैरवार उर्फ विक्की पिता भागीरथी खैरवार 25 साल गिधौरी रतनपुर
- प्रकाश यादव उर्फ बौना पिता भरत यादव 19 साल गिधौरी रतनपुर

## फर्जी दस्तावेज पर लकड़ी परिवहन का भंडाफोड़ अधिकारियों ने जब्त किया लकड़ी लोड ट्रक

**रामानुजगंज।** वनमंडलाधिकारी आलोक वाजपेई के निर्देश तथा वन परिक्षेत्राधिकारी डॉ.दिलरूबा बानो के नेतृत्व में गुरूवार को सुबह कनहर बैरियर पर की गई जांच के दौरान वन विभाग ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर परिवहन की जा रही बड़ी मात्रा में लकड़ी जब्त की है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5 बजे बैरियर जांच के दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईडी 9966 की जांच की गई। जांच में ट्रक में खम्हार, जामुन एवं नीलगिरी प्रजाति की कुल 89 नग लकड़ी, फर्जी दस्तावेजों के सहारे परिवहन करते हुए पाई गई। प्रथम दृष्टया दस्तावेज संदिग्ध पाए जाने पर विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लकड़ी सहित ट्रक को जब्त कर लिया। मामले में वनोपज परिवहन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जब्त ट्रक को आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए चोरपहारी डिपो में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। कार्रवाई में वनपाल दयाशंकर, विजय बर्मन, सुसना भगत, राजनाथ, पिंटू मालाकार, मंगल राम एवं निखिल सहित वन विभाग के अन्य कर्मचारी शामिल थे। वन परिक्षेत्राधिकारी ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है तथा दोषियों के विरूद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।



## जर्जर सड़क से निजात दिलाने की मांग

**कोरबा।** निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने मुख्यमंत्री सहित कलेक्टर एवं निगम आयुक्त को पत्र लिखकर निगम क्षेत्र के विभिन्न सड़कों के मरम्मत एवं आवश्यकतानुसार चौड़ीकरण की मांग की है। उनका आरोप है कि निगम में 900 करोड़ के सालाना बजट और डीएमएफ के 600 करोड़ रुपए की राशि सहित सीएसआर अधोसंरचना, राजस्व, आपदा जैसे अनेकों योजनाओं से करोड़ों की राशि जारी होने के बावजूद जिले की सड़कों की जर्जर स्थिति किसी से छुपी नहीं है। शहर के मुख्य मार्गों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं, वहीं रिहायशी एवं सकरी गलियों में पानी भर जाने से वहां निवासरत लोगों सहित राहगीरों व व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात पूर्व नालियों की सफाई की मांग किए जाने के बाद भी सफाई नहीं कराई गई है।

## मूसलाधार बारिश के बीच राहत, जलभराव की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पार्षद देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बारिश से उपजी समस्या को देखते पार्षद देवांगन व अन्य।

लगातार हो रही झमाझम बारिश ने शहर के कई हिस्सों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। इसी बीच निगम अंतर्गत ढेंगुरनाला, बरपारा एवं आसपास के क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से हुई तेज वर्षा के कारण गंभीर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। नदी-नाले के समीप बसे इस इलाके में पानी घरों के भीतर तक पहुंच गया, जिससे स्थानीय नागरिकों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जलभराव की सूचना मिलते ही वार्ड पार्षद नरेंद्र देवांगन बिना देर किए भारी बारिश के बीच स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया, अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों से तत्काल समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं कराईं और जल निकासी की दिशा में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। लगातार निगरानी के बाद जलभराव की समस्या का समाधान हुआ, जिससे क्षेत्रवासियों ने बड़ी राहत की सांस ली। स्थानीय नागरिकों ने पार्षद नरेंद्र देवांगन की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि वे केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य की तरह हर सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। नागरिकों का कहना है कि वार्ड में बिजली, सड़क, नाली, जलभराव अथवा किसी भी प्रकार की समस्या सामने आते ही वे स्वयं मौके पर पहुंचकर गंभीरता से स्थिति का जायजा लेते हैं और समाधान कराने का हर संभव प्रयास करते हैं। यही कारण है कि वार्डवासियों का उन पर विश्वास लगातार मजबूत होता जा रहा है। बारिश जैसी विषम परिस्थितियों में भी सक्रिय रहकर आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए किए गए त्वरित प्रयासों ने यह संदेश दिया कि जनप्रतिनिधि की वास्तविक पहचान संकट की घड़ी में जनता के बीच उपस्थित रहने से बनती है। ढेंगुरनाला कोहड़िया में समय रहते किए गए हस्तक्षेप से न केवल जलभराव की समस्या कम हुई, बल्कि लोगों को राहत भी मिली और क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल होने लगी।

## दीपका तहसील सबसे ज्यादा हुई बारिश, जिले में 260.4 मिमी वर्षा दर्ज

**कोरबा।** मानसून के सक्रिय होने के साथ ही मूसलाधार बारिश हो रही है। जुलाई के पहले सप्ताह में ही हुई बारिश ने खेतों की प्यास बुझा दी है। इसी के साथ खेती-किसानी के कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। अब तक जिले में 260.4 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है। आगामी दिनों में यह आंकड़ा और बढ़ेगा। मौसम विभाग ने पूरे जुलाई भर अच्छी बारिश की संभावना जाहिर की है। लगातार हो रही बारिश से जहां जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं खेती किसानी के कार्य में जुटे किसानों को बड़ी राहत मिली है। जून लगभग सूखा बीता था।

TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## पृष्ठ 1 का शेष

### विद्युत कंपनी के...

किया गया। समय के साथ धीरे धीरे विद्युत कंपनी के कोरबा पूर्व स्थित आवासीय कालोनी के मकानों में बाहरी लोगों का कब्जा होना शुरु हो गया। वर्तमान में 50 प्रतिशत से अधिक मकानों में बाहरी लोगों का कब्जा है। अधिकतर मकानों में गैर बिजली कर्मियों का निवास है। समय के साथ साथ मरम्मत के अभाव में मकान भी जर्जर होने लगे हैं। खासकर एनएफ और सुपर एफ टाइप के मकानों की हालत जर्जर हो चुकी है। जिससे मकानों के गिरने व अन्य दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है। इसे लेकर सिविल विभाग द्वारा मकानों में निवासरत लोगों को कई बार मकान खाली करने का नोटिस भी दिया गया है। जिससे मकानों में निवासरत लोगों को किसी तरह की जनहानि ना हो। इसके अलावा विद्युत कंपनी के सिविल विभाग द्वारा लगभग 3 वर्ष पूर्व जर्जर मकानों का मुंबई के एक निजी कंपनी द्वारा परीक्षण भी कराया गया था। इस दौरान मकानों के छज्जों व दीवारों का मशीनों से जांच कर गुणवत्ता की परख की गई थी। इस दौरान जांच टीम ने कई मकानों को डिस्मेंटल करने की रिपोर्ट सौंपी थी। जांच टीम की रिपोर्ट के बाद विद्युत कंपनी ने ऐसे सभी 428 जर्जर मकानों को डिस्मेंटल करने का निर्णय लिया था। जिसके बाद एक निजी ठेका कंपनी द्वारा मकानों को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया शुरु की गई। इस दौरान लगभग 100 मकानों को डिस्मेंटल किया गया। हालांकि डिस्मेंटल कार्य के दौरान कंपनी कार्य को बीच में ही छोड़कर वापस चली गई। यही वजह है कि विद्युत कंपनी द्वारा दोबारा मकानों को डिस्मेंटल करने के लिए टेंडर जारी किया गया था। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 13 जुलाई से जर्जर मकानों के डिस्मेंटल का कार्य एक बार फिर से शुरु किया जाएगा।

**चस्पा की जा रही नोटिस :** विद्युत कंपनी के सिविल विभाग द्वारा जर्जर मकानो में निवासरत लोगों को कई बार मकान खाली करने संबंधी नोटिस थमाया गया है। मौजूद लोग मकान खाली करने को लेकर संजीदगी नहीं दिखा रहे हैं और जान हथेली में रखकर बेजाकब्जा के मकानों का मोह नहीं छोड़ रहे हैं। इसकी वजह से विद्युत कंपनी के सामने किसी तरह की दुर्घटना घटित होने को लेकर मुश्किलें खड़ी हो गई है। यही वजह है कि एक बार फिर मकानों को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया शुरु की जा रही है। सिविल विभाग द्वारा जर्जर मकानो में निवासरत बिजली कर्मियों को नोटिस जारी कर मकान बदलने की हिदायत दी गई है। वहीं जिन मकानों को डिस्मेंटल करना है उन मकानों में नोटिस भी चस्पा की जा रही है।

### नाबालिग बच्चे...

साइकिल में सवार होकर पहुंचे थे। उनके खिलाफ कार्रवाई की गई और उनसे जुर्माना भी वसूल किया गया। अभियान के पहले दिन कुल 8 नाबालिग बच्चों के खिलाफ कार्रवाई की और उनसे लगभग 16000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि अभी बच्चों को समझाइए दी जा रही है। यदि उसके बाद भी वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और मोटरसाइकिल से ही स्कूल पहुंचते रहे तो आने वाले एक दो दिनों में उनके खिलाफ बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनंद दास पिता लगनदास निवासी ग्राम गेवरा तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम गेवरा तहसील दीपका में खातेदार कुंदबाई बेवा लगन दास के नाम से बंटवारा में प्राप्त भूमि खसरा नं. 447, 480, 481/2 रकबा क्रमश 0.121, 0.231, 0.081 से कुल रकबा 0.433 हे. भूमि है उक्त भूमि को एसईसीएल कुसमुण्डा परियोजना के द्वारा अर्जन कर लिया गया है। उक्त भूमि खातेदार कुंदबाई बेवा लगनदास के स्थान पर त्रुटिवश फूलबाई बेवा लगन दास अंकित किया गया है। उक्त भूमि का राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनाक 13/07/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत आज दिनांक 25/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं MO. MURAD AKHTAR उम्र 33 वर्ष पिता-LATE. MD. SHAMIM AKHATAR निवासी-500 बुधवारी बाजार कोरबा जिला कोरबा छ.ग का होकर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं:-

01. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 4125 8592 9793 में मेरा नाम MO. MURAD AKHTAR दर्ज है एवं मेरे पुत्र मो. जैद अख्तर का जन्म कृष्णा हास्पिटल कोरबा जिला कोरबा छ.ग में दिनांक 25.06.2023 को हुआ है और उक्त हास्पिटल के पर्ची जिसका क्रमांक 05206 में पिता के नाम अर्थात मेरा नाम MURAD AKHTAR दर्ज है।

02. यह कि MO. MURAD AKHTAR एवं MURAD AKHTAR उक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, अर्थात मेरा ही नाम है, मेरा सही नाम MO. MURAD AKHTAR है, जिसे मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज किया जाये किसी किस्म के गलत पाये जाने पर मैं जवाबदार रहूंगा।

03. यह कि यह शपथपत्र उपरोक्त आशय के समर्थन में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
MO. MURAD AKHTAR







## कोरबा मार्केट










## "एक पेड़ माँ के नाम" लगाना एक अनमोल उपहार है

धरती पर माँ और पेड़ दोनों ही जीवनदायिनी हैं। माँ हमें जन्म देती है, पालती है, और अपने प्रेम से सींचती है। उसी तरह एक पेड़ भी हमारी प्रकृति की 'माँ' की तरह होता है, जो हमें बिना कुछ माँगे जीवनदायिनी ऑक्सीजन, फल, छाया और शांति देता है। जब हम किसी पेड़ को माँ के नाम लगाते हैं, तो वह केवल एक पौधा नहीं रहता, वह हमारी भावनाओं का प्रतीक भी बन जाता है। यह पेड़ माँ के ममता, त्याग और संरक्षण का प्रतीक होता है। जिस तरह माँ अपने बच्चों की चिंता किए बिना उन्हें बड़ा करती है, ठीक उसी तरह पेड़ भी हमें बिना भेदभाव के जीवनदायिनी चीजें देता है। एक पेड़ माँ के नाम लगाना, माँ के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक सुंदर तरीका है। यह न सिर्फ पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि माँ के प्यार को धरती पर जीवित रखने का कार्य भी करता है। हर बार जब वह पेड़ हरा-भरा होगा, उसकी हर पत्ती हमें माँ की याद दिलाएगी।

पेड़ लगाकर हम आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश दे सकते हैं कि माँ और प्रकृति दोनों अनमोल हैं। इनका सम्मान करना और इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। एक पेड़ माँ के नाम लगाना एक नेक, भावनात्मक और पर्यावरण हितैषी कार्य है। जिस तरह माँ बिना किसी स्वार्थ के हमें जीवन देती है, उसी तरह पेड़ भी बिना किसी बिना भेदभाव के हमें ऑक्सीजन, फल, फूल, छाया और शुद्ध वातावरण प्रदान करता है।















## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस के मामले में विशेष लोक अदालत 18 को

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में ए0डी0आर0 भवन कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में 18 जुलाई को आयोजित होने वाली पराक्राम्य लिखित अधिनियम(चेक बाउंस मामले) संबंधित विशेष लोक अदालत के सबंध में 8 जुलाई को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा की अध्यक्षता में संबंधित बैंक के अधिकारियो एवं सहकारी समिति बैंक के अधिकारीयों के साथ समीक्षा बैठक आयोजन किया गया। कु. मयूरा गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा द्वारा उपस्थित बैंक के अधिकारीगण को चेक बाउंस से सबंधित मामले हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत के उद्देश्य बताते हुए इसे सफल बनाने में सहयोग प्रदान करते हुए, अधिक से अधिक चेक बाउंस के मामलों को इस लोक अदालत में रखने हेतु आग्रह किया गया।

### सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिलों का वितरण



**ढेलवाडीह।** ग्राम ढेलवाडीह स्थित हाई स्कूल में छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि रामगोपाल कंवर, ग्राम पंचायत ढेलवाडीह के उप सरपंच मुकेश सिंह उसरवर्षा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज सोनी, शाला प्रधान प्राचार्य पी.एन. उइके, एस.के. गुप्ता, बी.पी. साहू, जी.के. दुबे, वि.एस. राजपूत, अंशु मानिकपुरी, उर्वशी साहू, एस. तबस्सुम सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और शिक्षा के प्रति समर्पित रहकर नियमित अध्ययन करने एवं अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संदेश दिया।

### नेता प्रतिपक्ष ने सांसद प्रतिनिधि के निवास पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**कोरबा।** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने सांसद प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष मिश्रा के निवास पहुंचकर उनकी माता स्वर्गीय श्रीमती राधा मिश्रा के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुये प्रणाम किये। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की तथा परिवारजनों का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान चरण दास महंत ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि पार्टी अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने सभी को संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। सांसद प्रतिनिधि संतोष मिश्रा ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों से नेता प्रतिपक्ष को अवगत कराया। वहीं कोरबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजीत दास महंत से भी संगठनात्मक गतिविधियों, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा क्षेत्र के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर कोरबा ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज चौहान, पीसीसी के सचिव हरीश परसाई, प्रशांत सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।

### पानी में डूबने से ढाई वर्षीय मासूम की मौत



**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 रामपुर बस्ती में दिनेश बरेठ निवास करता है। बताया जाता है कि माता और पिता दोनों लाल घाट शराब पीने के लिए गए थे और अपने ढाई वर्षीय पुत्र को लेकर भी गए थे वापस आते समय नदी पार करते समय पानी के तेज बहाव में मासूम डूब गया। माता-पिता शराब के नशे में थे उन्हें मालूम नहीं था लेकिन शराब का नशा कम होने के बाद अपने बच्चों को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई अगले दिन आज देर शाम स्थानीय लोगों ने डेंगू नाला में बालक का शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाला से बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पानी में डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पटले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देर रात छापेमार कार्रवाई की

# ओएनसी व सेंटर पाइंट में देर रात छलकाए जा रहे थे जाम, पुलिस ने मारा छापा



बार में कार्रवाई करती पुलिस की टीम।



पुलिस गिरफ्त में बार के मैनेजर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के ओनएसी व सेंटर पाइंट बार में देर रात तक अवैध रूप से शराब पिलाए जाने की शिकायत पुलिस के अफसरों को मिल रही थी। शिकायत के आधार पर बुधवार की रात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले व उनकी टीम ने दोनों स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। जहां अवैध रूप से देर रात को दोनों ही स्थानों में शराब पिलायी जा रही थी। जिस पर पुलिस ने कड़ा एक्शन लेते हुए दोनों बार के मैनेजर के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है।

**खास बात**

- नियमों का उल्लंघन कर शराब परोसते पाए जाने पर दोनों बार के मैनेजरों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं आबकारी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस को लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी कि पाम मॉल स्थित ओएनसी एवं सेंट्रल प्वाइंट स्थित बार में निर्धारित समय एवं आबकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए देर रात तक शराब परोसी जा रही है तथा पार्टी आयोजित की जा रही है। प्राप्त सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा देर रात्रि आकस्मिक छापेमार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान दोनों बारों में निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए ग्राहकों को शराब परोसते पाया गया। इस पर ओएनसी बार के मैनेजर कोलकाता निवासी दिव्यांदु चतुर्वेदी पिता दीपक चक्रवर्ती और सेंटर पाइंट के मैनेजर उड़ीसा निवासी प्रताप बेहरा पिता रामचंद बेहरा के खिलाफ वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में पाम मॉल स्थित ओएनसी से अवैध रूप से देर रात तक संचालित बार में अधिक शराब पीकर निकले एक व्यक्ति ने अपनी स्कॉर्पियो को लापरवाही एवं खतरनाक तरीके से मॉल की सीढ़ियों पर चढ़ाने का प्रयास किया था। इस मामले में कोरबा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी रमन सिंह को गिरफ्तार किया था।

### अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान, 23 मामले दर्ज, 161 लीटर शराब जब्त



जिले में अवैध शराब बनाने बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत जिला पुलिस ने एक दिन में कुल 23 प्रकरण दर्ज कर 161 लीटर अवैध शराब जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान एक ही दिन में कुल 23 प्रकरण दर्ज कर 161 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। साथ ही अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की गई।

# पुटू बीनने जंगल गए दंपती का हाथी से हुआ सामना, पति की मौत पत्नी बची बाल बाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



हाथी द्वारा कुचला गया ग्रामीण का शव।

वनांचल क्षेत्र में इन दिनों पुटु संग्रहण का दौर जारी है। ग्राम पीड़िया के एक दपंत्ति अपने अन्य साथियों के साथ सुबह जंगल में पुटु बीनने गए हुए थे। इस दौरान हाथी ने 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति को पटक पटक कर मौत की घाट उतार दिया। जबकि उसकी पत्नी और वहां मौजूद उसके अन्य साथी मौके से भाग कर किसी तरह जान बचाने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मृतक के परिजनों को वन विभाग की ओर से प्राथमिक सहायता की राशि उपलब्ध करा दी गई है।

**खास बात**

- करतला वन परिक्षेत्र के ग्राम तुर्री कटरा के जंगल में हुई घटना, 9 हाथियों का झुंड कर रहा है विचरण

उल्लेखनीय की कोरबा वन मंडल के करतला वन परिक्षेत्र में 9 हाथियों को झुंड विचरण कर रहा है। वन विभाग द्वारा मुनादी करने के बाद भी ग्राम पीड़िया निवासी जहाज सिंह 55 वर्ष पिता आनंद सिंह अपनी पत्नी सुमित्रा सहित कुछ अन्य ग्रामीणों के साथ गुरुवार की सुबह जंगल में पुटु संग्रहण करने के लिए गए हुए थे। जहां दंपति फोटो संग्रहण करते हुए ग्राम तुर्रीकटरा के जंगल कक्ष क्रमांक 1147 में पहुंच चुके थे। इस दौरान सुबह लगभग 9:00 बजे हाथियों का झुंड वहां मौके पर पहुंच गया और एक हाथी का सामना जहाज सिंह से हो गया। हाथी ने जहाज सिंह को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया और हाथी हमले की घटना सामने आते ही सुमित्रा वहां मौजूद अन्य ग्रामीण किसी तरह मौके से भाग कर जान बचाने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलने पर एसडीओ एसके सोनी करतला वन परिक्षेत्र अधिकारी अक्स ऋषि दल बल सहित मौके पर पहुंचे और मामले में वैधानिक कार्रवाई की गई। इस दौरान रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया भी घटनास्थल पर पहुंचे थे जहां वन विभाग ने मृतक के परिजनों को प्राथमिक सहायता की राशि 25000 रुपए उपलब्ध करा दी गई है। घटना के बाद ग्रामीणों को जंगल ना जाने की सलाह दी गई है। बताया जाता है कि देर शाम को 9 हाथियों का झुंड तुर्रीकटरा के जंगल में ही डेरा डाला हुआ है। आक्रामक झुंड होने की वजह से वन विभाग के टीम लगातार हाथियों के निगरानी कर गांव में मुनादी कर लोगों को सावधान करने में लगी हुई है।

### वाट्सअप नंबर पर दी जा रही सूचना

एसडीओ एसके सोनी ने बताया कि हाथियों की मौजूदगी को लेकर वन विभाग पूरी तरह से सतर्क है। जन धन की हानि न हो इसके लिए लगातार कोटवार, हाथी मित्र दल के द्वारा मुनादी कराया जा रहा है। वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों से सम्पर्क कर गज संकेत के एप के माध्यम से उनके मोबाईल नंबर को जोड़ा जा रहा है जिससे उनके मोबाईल में 5 किलोमीटर के अंतर्गत हाथी पहुंचने पर फोन एवं एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जा रही है। साथ ही थर्मल ड्रोन का उपयोग कर लगातार हाथियों का लोकेशन ट्रेक किया जा रहा है। हाथी मित्र दल द्वारा लगातार हाथी निगरानी किया जा रहा है एवं परिक्षेत्र अंतर्गत कर्मचारियों, अधिकारियों का हाथी निगरानी के लिये रोस्टर अनुसार रात्रि गश्त हेतु प्रतिदिन ड्यूटी लगाई गई है। ग्रामीणों को अपने अपने क्षेत्रों के व्हाट्स अप ग्रुप के माध्यम से भी हाथियों के संबध में जानकारी दी जा रही है एवं विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं क्षेत्र के विद्युत फीडर के अधिकारी कर्मचारियों को भी हाथियों की उपस्थिति से सूचित किया जा रहा है जिससे विद्युत विभाग द्वारा हाथी उपस्थित क्षेत्रों में विद्युत को बंद किया जा रहा है।

# पुलिस ने पैदल मार्च कर कटघोरा की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



नगर में पैदल मार्च करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा पुलिस ने गुरुवार शाम नगर की सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था का जायजा लेने व्यापक पैदल मार्च किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नीतीश ठाकुर एवं एसडीओपी विजय सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एमबी पटेल पुलिस टीम के साथ सड़कों पर उतरे और शहर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया।

पुलिस टीम ने न्यू बस स्टैंड, अंबिकापुर मुख्य मार्ग, बिलासपुर मार्ग होते हुए जय स्तंभ चौक तक पैदल भ्रमण किया। इस दौरान थाना प्रभारी एमबी पटेल ने शहर में यातायात व्यवस्था, संदिग्ध गतिविधियों और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने सड़क पर बढ़ते भारी वाहनों के दबाव को देखते हुए वाहन चालकों को निर्धारित बायपास मार्ग से आवागमन करने के निर्देश दिए, ताकि नगर के भीतर जाम की स्थिति निर्मित न हो और आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। पैदल मार्च के दौरान पुलिस टीम ने न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को व्यवस्थित पार्किंग करने की समझाइश दी। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क पर आवागमन बाधित नहीं करने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने तीन सवारी चलाने वाले वाहन चालकों को समझाइश देते हुए सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की। वहीं शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पैदल मार्च में एसआई राम पांडेय, राजेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक निलेन्द्र सिंह, अनुज सिंह, आरक्षक मनीष खुटे, प्रदीप राठौर सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल रहे। थाना प्रभारी एमबी पटेल ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम जनता का सहयोग जरूरी है।

# कर्मचारी संघ ने डॉ. महंत को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डॉ .महंत को ज्ञापन सौंपते संघ के प्रतिनिधि।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा कोरबा ने विभिन्न संबंधित कर्मचारी संगठनों ने कर्मचारियों के लंबित मांगों को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत को ज्ञापन सौंपा। जिसमें 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता सहित 6 सूत्रीय मांगों का स्मरण पत्र सौंपा गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शप्रभात शर्मा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ष शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा कोरबा के जिला अध्यक्ष विनय सोनवानी ने बताया कि अभियान के माध्यम से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, पेंशनरों के हितों की सुरक्षा तथा अन्य लंबित मांगों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी और पेंशनरों की समस्याओं का समाधान के लिए यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपन के दौरान छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य संयोजक संघ के जिला अध्यक्ष पन्नालाल पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती विभा द्विवेदी, छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष कांता प्रसाद ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ, छत्तीसगढ़ राज्य लघुवनोंपज कर्मचारी कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ निशक्त कर्मचारी अधिकारी कर्मचारी संघ, अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात शर्मा, उपाध्यक्ष अजय पांडे, वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मण महंत, रेशम दुबे, पीएल चौधरी, एमएल पटेल, पी एल साहू, एस के पाठक, गोपाल प्रजापति, एस के द्विवेदी, पी एल चौधरी, नागेश गौराहा, जे एस पोर्त, एन के राजवाड़े, तीजराम कुर्रे, सीताराम कंवर, के एल डहरिय, मनोहर सिंह कंवर, शैलेंद्र नदी, संतोष कुमार यादव, राजेश साहू शामिल रहे।

### बारिश से मिट्टी कटकर पहुंच रही सड़क पर

# सर्वमंगला-कनकी मार्ग पर कीचड़, राहगीर हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सड़क पर फैला कीचड़।

सर्वमंगला से कनकी जाने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क पर मिट्टी और कीचड़ जमा होने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से एसईसीएल के बसावट गांव जटराज, जहां पुनर्वास किया जाना है, उसके ठीक सामने मुख्य सड़क पर भारी मात्रा में मिट्टी फैल गई है। बारिश के बाद यह मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गई है, जिससे वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर फैले कीचड़ के कारण हाल ही में दो मोटरसाइकिल और एक कार कीचड़ में फंस गई, जिससे कुछ समय के लिए जाम जैसी स्थिति बन गई। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग दुर्घटना का कारण भी बन सकता है। गौरतलब है कि कुदूरमाल-उरगा पुल के जर्जर होने के कारण बिलासपुर की ओर से आने-जाने वाले अधिकांश छोटे-बड़े वाहन फिलहाल इसी मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में इस सड़क पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है, लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर फैली मिट्टी को तत्काल हटाकर समतलीकरण कराया जाए तथा जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित और सुगम हो सके।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

